दिन–सोमवार

दिनांक– 14/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि जिन मतदाताओं के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं वे फिलहाल गणना प्रपत्र जमा कर दें। आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के लिए मतदाताओं को तीस अगस्त तक का समय दिया जायेगा। श्री गुंजियाल ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे।

————————————————————————

आज सावन की पहली सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एक अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवासीय परिसर में पौधारोपण कर वन महोत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, वन और पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के भगवानपुर में सबसे अधिक पचपन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज जमुई, कैमूर और बांका जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

————————————————————————

इधर, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में बिजली गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। बांका ज़िले में सबसे अधिक पाँच और गया ज़िले में दो लोगों की मौत हुई है। पटना और नालंदा ज़िले में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

————————————————————————

बेगूसराय के लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघा रेलवे गुमटी के पास अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक के परिजनों ने ठेकेदारी विवाद को हत्या का कारण बताया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर में उत्पाद विभाग की टीम पर शराब तस्करों ने हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। पुलिस की गोली से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सैप जवान को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने गोली चलाने वाले काफी मशक्कत के बाद घायल जवान को छोड़ा। मौके पर स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

———————————————————————————

पटना के रानी तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत काब गांव में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पटना पश्चिम के पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को देखते ही अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जबावी कार्रवाई में एक अपराधी को पैर में गोली लगी है, जिसका इलाज चल रहा है। एस.पी ने बताया कि एक  अन्य अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। मौके से हथियार भी बरामद किए गये हैं।

———————————————————————————

समाप्त